टाटा प्ले ने बिंज-वॉचिंग को बनाया बाएं हाथ का खेला

लखनऊ। यूँ तो आज मनोरंजन के ढेरों विकल्प उपलब्ध हैं, लेकिन फिर भी परिवार के साथ समय बिताते हुए या साथ में खाना खाते हुए लोगों को आम तौर से चल रहे शो या फिल्म को देखकर संतोष करना पड़ता है, जिसका कारण है इतने सारे कार्यक्रमों की भीड़ में अपनी पसंद का कार्यक्रम ढूंढ कर चलाना एक टेढ़ी खीर साबित होती है। कल्पना कीजिए कि यदि आपको ऐसा साधन मिल जाए, जहाँ 20 से ज्यादा क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ऐप्स की सामग्री एक ही जगह और एक ही सदस्यता शुल्क में उपलब्ध हो, तो हर काम कितना आसान हो जाएगा। यह कर दिखाया है टाटा प्ले बिंज की सेवा ने।टाटा प्ले बिंज ने अपनी पसंद के शो और फिल्मों को देखना कर दिया है बहुत आसान! अब हर काम एक बटन की मदद से किया जा सकता है, आप अपनी पसंद का कार्यक्रम खोज सकते हैं, अपनी पसंद की भाषा चुन सकते हैं, परामर्श इंजन की मदद ले सकते हैं, अपनी पसंद के अनुरूप कार्यक्रमों की सूची तैयार देख सकते हैं, और तो और, 2 से ज्यादा पर्दों पर एक साथ कार्यक्रम देख सकते हैं। है न मजे की बात! और इसके अलावा भी अनेक विशेषताएं हैं, जो टाटा प्ले बिंज के अनुभव को और ज्यादा शानदार बना देती हैं।इनमें सबसे पहली है कि यहाँ एक ही जगह 22 ओटीटी ऐप्स की सेवाएं मिलती हैं। इसलिए टाटा प्ले बिंज पर कार्यक्रमों का बहुत विशाल संग्रह उपलब्ध है।